एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |


मंगलवार, 11 अगस्त 2026,

**PAGE NO : 5 BOTTOM**

# एसआरएमएस में कैंसर स्क्रीनिंग कैंप 12 से

**बरेली, अमृत विचार:** कैंसर तेजी से बढ़ रहा है लेकिन यह लाइलाज नहीं। जागरूकता की कमी और जांचों के प्रति लापरवाही ही कैंसर को महामारी बना रही है। कैंसर के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए आजादी के पर्व पर एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज की ओर से 'देश की आजादी से, कैंसर से आजादी तक' नाम से अभियान आरंभ किया जा रहा है।

एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के डायरेक्टर आदित्य मूर्ति ने कहा कि 12-14 अगस्त तक कैंसर स्क्रीनिंग कैंप आयोजित किया जा रहा है। इसमें स्तन कैंसर, मुंह का कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा कैंसर, पेट व आंत का कैंसर, प्रोस्टेट कैंसर, फेफड़े का कैंसर की स्क्रीनिंग होगी। कैंसर विशेषज्ञों के परामर्श के साथ ही एक दर्जन जांचें भी निशुल्क की जाएंगी। एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज स्थित आरआर कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर के डायरेक्टर डा.पियूष कुमार अग्रवाल ने कहा कि कैंसर खुद में कोई बीमारी नहीं बल्कि कोशिकाओं की अनियंत्रित वृद्धि है।



जानकारी देते आदित्य मूर्ति।